Member of Parliament Local Area Development Scheme

भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली -110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION
SARDAR PATEL BHAVAN, NEW DELHI-110001
FAX : 011-23364197
E-mail : mplads@nic.in

सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Dated 20.08.2015

फा.सं. सी-42/07/2013-एमपीलैड्स

सेवा में,

1. आयुक्त
   कोलकाता/चेन्नई/दिल्ली नगर निगम
2. सभी जिला कलैक्टर/जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त

विषयः सहायता प्राप्त/गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों/शिक्षण संस्थाओं के लिए वित्तीय सहायता से संबंधित स्पष्टीकरण ।

महोदय/महोदया,

इस मंत्रालय में कुछ जिला प्राधिकरणों से संदर्भ प्राप्त हुए हैं जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ इस मंत्रालय के दिनांक 17.07.2015 के सम संख्यक परिपत्र की व्याख्या करने में भ्रम का उल्लेख है, जिसके तहत एमपीलैड्स के अंतर्गत निदर्शी कार्यों के वर्गीकरण की क्षेत्र-वार सूची में विहित एमपीलैड्स संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुबंध-IV (ड.) के स्कीम 2 के क्रम सं. 2 पर हिंदी रूपांतरण में अनजाने में हुई चूक को सही किया गया था ।

3. स्पष्ट किया जाता है कि:

(i) सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं हेतु वित्तीय सहायता संबंधी प्रावधान एमपीलैड्स संबंधी दिशा-निर्देशों के पैरा 3.37 में निहित है । पैरा 3.37 के अनुसार, सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं को एमपीलैड्स दिशा-निर्देशों के अंतर्गत सभी अनुमेय मदों के लिए एमपीलैड्स निधियों की अनुमति प्राप्त है ।

ii) दिशा-निर्देशों के पैरा 3.21 के अंतर्गत निर्धारित शर्तों के अध्यधीन सामुदायिक अवसंरचना और जनोपयोगी निर्माण कार्यों के लिए शिक्षण संस्थाओं को चलाने वाले न्यास/सोसाइटियां एमपीलैड्स निधियों के लिए पात्र हैं ।

3. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है ।

भवदीय,

तपन मित्र

(तपन मित्र)
निदेशक (एमपीलैड्स)

सूचनार्थ प्रतिलिपिः

1. सभी माननीय संसद सदस्य (लोक सभा/राज्य सभा)
2. सचिव, एमपीलैड्स का काम देख रहे नोडल विभाग (सभी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र)
3. एमपीलैड्स संबंधी राज्य सभा समिति, राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली ।
4. एमपीलैड्स संबंधी लोक सभा समिति, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली ।
5. एमपीलैड्स प्रभाग में सभी संबंधित अधिकारी ।
6. एमपीलैड्स वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए एनआईसी ।